RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 06 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 195 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# दिवाली पर फिर बढ़ेंगी मुश्किलें !

## सोमवार से हड़ताल पर जाएंगे एसटी कर्मचारी!

महाराष्ट्र के हजारों एसटी कर्मचारियों ने इस साल फिर दिवाली के मौके पर हड़ताल पर जाने की तैयारी की है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि उन्हें भी सरकारी कर्मचारी बनाया जाए। इसके लिए राज्य सरकार के साथ एसटी निगम (एमएसआरटीसी) का विलय किया जाए।




पिछले साल की हड़ताल की कई मांगें अभी भी लंबित हैं। जिसमें विलय करना, 7वां वेतन आयोग लागू करना जैसी विभिन्न मांगें शामिल है। एसटी कर्मचारी संगठन ने एसटी निगम को एक बार फिर दिवाली से ठीक पहले राज्य में कामबंद आंदोलन का नोटिस थमा दिया है। संगठन ने हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले में सेवा की निरंतरता को नियमित करने और अंडर अकाउंट परीक्षा के लिए 240 दिन की शर्त को तत्काल रद्द करने की मांग की गई है। तत्कालीन परिस्थितियों में जिन चार्टर्ड अधिकारियों ने कमेटी गठित कर विलय पर रिपोर्ट सौंपी थी, उन्हें निरस्त करने की मांग की गयी है।

इसके साथ ही तेलंगाना राज्य सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र की एसटी को सरकार में विलय किया जाए, एसटी कर्मचारियों को भी राज्य के बाकि सरकारी कर्मचारियों की तरह एरियर के साथ 42% महंगाई भत्ता दिया जाए, 7वां वेतन आयोग लागू किया जाए, अनुशासन और आवेदन प्रक्रिया तुरंत रद्द की जाए जैसी कई मांगे है। श्रमिक संघ की ओर से इलेक्ट्रिक बस अनुबंध में निजी ड्राइवरों को रखने का अनुबंध तत्काल रद्द करने, दिवाली के मौके पर एक वेतन बोनस देने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 3500 की जगह कम से कम 18 हजार पेंशन देने समेत कई मांगें की गई हैं।

# बीएमसी ने वसूला 4.71 लाख जुमार्ना

## वायु प्रदूषण पर सख्ती !

**मुंबईः** वायु प्रदूषण नियंत्रण पर सख्ती बरतते हुए बीएमसी प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने वालों से बीते तीन दिनों में कुल 4 लाख 71 हजार 692 रुपए का जुमार्ना वसूला है। यह दंडात्मक कार्रवाई निर्माण कार्य सामग्री और मलबा ढुलाई करने वाले वाहनों पर की गई है। यह दंडात्मक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मुंबई में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को निर्यंत्रित करने के लिए बीएमसी प्रशासन ने 25 अक्टूबर 2023 को दिशा-निर्देश जारी किए थे। अब इस पर अमल के लिए सख्ती बरतनी शुरू कर दी गई है। इनमें सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी निमार्णों से होने वाला वायु प्रदूषण और धूल नियंत्रण कार्य भी शामिल हैं। इसके अलावा माल ढुलाई करने वाले वाहन भी शामिल हैं। सड़क यातायात के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर विभिन्न वाहनों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई कर तीन दिनों में कुल 4 लाख 71 हजार 692 रुपए जुमार्ना वसूला गया है। जी साउथ विभाग से 15 हजार रुपए, पी नॉर्थ विभाग से 80 हजार रुपए, एन विभाग से 70 हजार रुपए, एस विभाग से 45 हजार 692 रुपए, टी विभाग से 50 हजार रुपए, पी साउथ विभाग से 13 हजार रुपए, के पश्चिम विभाग से 10 हजार रुपए, एफ उत्तर विभाग से 45 हजार रुपए, जी उत्तर विभाग से 10 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है।




## मैट्रिमोनियल साइट पर महिला को फंसाया, होटल में बुलाकर कई बार लूटी आबरू... शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस



**ठाणे :** मुम्बई के ठाणे से रविवार को हैरान करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, पुलिस ने बताया कि नवी मुंबई की एक 33 वर्षीय महिला के साथ एक शख्स ने बार-बार दुष्कर्म किया। इस शख्स से पीड़ित महिला की मुलाकात एक वैवाहिक साइट पर हुई थी।

**कई बार महिला के साथ किया दुष्कर्म**

एक अधिकारी ने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी ने दिसंबर 2020 से मार्च 2023 के बीच नवी मुंबई, मुंबई और सिंगापुर के लॉज और होटलों में आरोपी ने कई बार उसके साथ बलात्कार किया है। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने सिंगापुर में रहने वाले आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(ठ) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार) के तहत अपराध दर्ज किया है। अधिकारी ने कहा कि महिला की आरोपी से पहचान एक वैवाहिक साइट पर हुई और उसने उससे शादी करने का वादा करके अलग-अलग स्थानों पर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया।

# मुंबई के हजारों फर्जी अकाउंट से हो रहा कलेक्शन... जारी है कारोबार

## महादेव एप के जरिए अभी भी चल रही काली कमाई

**मुंबई :** महादेव ऐप सट्टेबाजी मामले में भले ही ईडी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी के अनुसार महादेव केस में 567 करोड़ की चल संपत्ति जब्त की गयी है। मगर आश्चर्य है कि अभी भी महादेव एप का धंधा बदस्तूर जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हजारों लोग अभी भी ऐप के लिए काम कर रहे हैं। अभी भी मुंबई और देश के अन्य कोनो से खोले गए हजारों फर्जी अकाउंट से पैसे के कलेक्शन का काम चल रहा है। हैरत है कि देश में चल रहे वर्ल्ड कप का दौरान भी सारे एप को मिला



लें तो 7 हजार करोड़ रुपये कमाए गए हैं। जबकि ईडी की तफ्तीश के अनुसार चार्जशीट में खुलासा हुआ था कि आरोपियों ने ऐप के जरिए 6 हजार करोड़ रुपये पहले ही कमाए हैं।

**अभी भी चालू है एप और मुंबई सिंडिकेट**

ईडी महादेव एप मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। रायपुर में हाल ही में इसी केस से जुड़े करोड़ों रुपये बरामद किये हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि अभी भी महादेव एप चालू है। देश और दुनिया में वर्ल्ड कप के मैच चल रहे हैं। ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के लिए ये समय सबसे ज्यादा मुफीद होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज भी मुंबई और अगल बगल के शहरों में खोले गए हजारों फर्जी अकाउंट से बेटिंग के पैसे का कलेक्शन जारी है। जिसे बाद में हवाला के जरिये भेज दिया जाता है।

**सबसे ज्यादा सट्टा व्हाट्सएप से लगता है**

अधिकांश सट्टेबाजी व्हाट्सएप नंबरों के माध्यम से की जाती है और एजेंट विभिन्न पैनल बनाकर कमीशन के आधार पर कॉल सेंटर चला रहे हैं। महादेव बुक ऐप का मुख्य कार्यालय यूएई में है। इसे मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल चलाते हैं।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### इतना घातक है प्रदूषण

वायु प्रदूषण से डायबिटीज (मधुमेह) का खतरा 22 फीसदी बढ़ रहा है। यह दिल्ली और चेन्नई के करीब 12,000 लोगों पर किए गए प्रयोग और शोध का निष्कर्ष है। अध्ययन के शोधकताओं में शामिल मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. वी. मोहन के अनुसार, यह अध्ययन आंखें खोल देने वाला है, क्योंकि अब मधुमेह के कारणों का एक नया आयाम खुल गया है। उनके मुताबिक, प्रदूषण के पीएम 2.5 में सल्फेट, नाइट्रेट, भारी धातुओं और कार्बन के सूक्ष्म कण होते हैं, जो रक्त-वाहिकाओं की परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। धमनियों को सख्त करके रक्तचाप बढ़ा सकते हैं। ये कण वसा-कोशिकाओं में जमा हो सकते हैं। सूजन पैदा कर सकते हैं और सीधे हृदय की मांसपेशियों पर भी हमला कर सकते हैं। बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण शहरी भारत में गर्भ के दौरान भी डायबिटीज के मामले सामने आए हैं। एक और चिकित्सीय शोध किया गया है, जिसका निष्कर्ष है कि प्रदूषित हवा से 56 फीसदी तक पार्किन्सन का रोग बढ़ जाता है। यह शोध एक अमरीकी संस्था ने किया है। यह अध्ययन करीब 90,000 रोगियों पर किया गया है। इस बीमारी में हाथ-पैर तो कांपने ही लगते हैं, लेकिन मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ते हैं। आदमी लडखड़ाने लगता है, सुनने की शक्ति क्षीण हो जाती है। भारत में फिलहाल पार्किन्सन की बीमारी प्रति एक लाख में 0.5 लोगों को ही है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 10 साल में यह संख्या 25 फीसदी से अधिक बढ़ सकती है।

चूंकि राजधानी दिल्ली देश का सबसे प्रदूषित शहर है, लिहाजा यहां के बाशिंदों की उम्र, वायु प्रदूषण के कारण ही, औसतन 11.9 वर्ष घट जाती है। यानी इतने साल पहले मौत दिल्लीवालों की दहलीज पर आ जाती है। यह अध्ययन भी किया गया है। दिल्ली में आजकल वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 को छूने वाला है, जो एक गंभीर स्थिति है। सामान्य प्रदूषण 100 तक झेला जा सकता है। उसके बाद खतरनाक और फिर गंभीर स्थिति आती है। दो-तीन दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज के आसपास का वायु गुणवत्ता सूचकांक 999 दर्ज किया गया, जो किसी गैस चैंबर से भी भयावह है। दिल्ली ऐसा महानगर है, जहां देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और सर्वोच्च अदालत हैं। विदेशों के दूतावास और राजनयिक भी हैं। दिल्ली भारत का हृदय है और यहीं प्रदूषण की जानलेवा समस्या हर साल उभरती है और तीन माह तक राजधानी प्रदूषण की परत में घिरी रहती है। दिल्ली की स्थानीय सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रशासन में है।

अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री हैं। जब तक पंजाब में ह्यआपह्न सत्तारूढ़ नहीं हुई थी, तब तक पराली जलाने के मुद्दे पर खूब प्रलाप किया जाता था। पंजाब में ह्यआपह्न सरकार के करीब पौने दो साल के कार्यकाल के बावजूद पराली जलाने के हजारों मामले आज भी आ रहे हैं। पराली पंजाब में ही नहीं, हरियाणा में भी खूब जलाई जाती है, क्योंकि हरियाणा भी बुनियादी तौर पर कृषि प्रधान राज्य है। पराली जलाने का धुआं हवा के साथ उड़ कर दिल्ली तक पहुंचता है और यहां हवा जहरीली होने लगती है। राजधानी के आसपास के इलाके भी प्रदूषित होने लगते हैं। आश्चर्य है कि अदालतों ने बार-बार सरकारों को फटकार लगाई है, सवाल पूछे हैं, लेकिन हर साल हवा जहरीली ही रहती है। न्यायाधीश भी वही प्रदूषित वायु कुछ न कुछ झेलते ही होंगे। सरकार के हुक्मरानों को दंडित क्यों नहीं किया जा सकता? प्रदूषण का प्रभाव इतना गहरा और घातक होता है कि मानवीय फेफड़े काले हो जाते हैं। बहरहाल प्रदूषण का एक अकेला कारण कुछ भी नहीं है और न ही केजरीवाल का अकेला दायित्व है। भारत सरकार भी इसका स्थायी हल ढूंढे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# बैक से पैसा निकालकर घर जा रहे व्यक्ति से 1 लाख की दिनदहाड़े छिनैती से फैला दहसत

## तीन अज्ञात लुटेरों पर केस दर्ज, सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी के अंजुरफाटा इलाके में दिन दहाड़े छिनैती किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।नया घर खरीदने के लिए बैंक से पैसा निकालकर पैदल घर जा रहे एक व्यक्ति से तीन लोगों ने मिलकर दिनदहाड़े एक लाख रुपया छीनकर फरार हो गए।इस मामले में नारपोली पुलिस ने 3 अज्ञात आरोपियों पर छिनैती का केस दर्जकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश में जुट गई है।लेकिन आरोपियों को पकड़ने में पुलिस की असफलता के कारण शहर में बढ़ती चोरी की घटना से जनता में भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस के अनुसार बिहार के मधुबनी जिले के निवासी व भंडारी कंपाउंड में रहने वाले व लूम कारखाने में मेहतागिरी का काम करने वाले सत्यनारायण जोगेश्वर(40) ने इसी



इलाके में नया घर खरीदा है।जिसकी रजिस्ट्री कराने के लिए लगने वाले स्टैप ड्यूटी को भरने के लिए वे अंजुरफाटा इलाके में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में अपने खाते से तीन नवंबर को दोपहर में 11 बजे एक लाख रुपया निकाला और पैदल ही अपने घर जाने के लिए निकले।दोपहर में 11.10 बजे जैसे ही वे आगरा रोड पर ओसवाल हॉल के सामने पहुंचे पीछे से तीन लोग आए और सत्यनारायण के हाथ से एक लाख कैस छीनकर फरार हो गए।जिसके बाद उन्होंने नारपोली पुलिस स्टेशन में पहुंचकर तीन अज्ञात लुटेरों पर छिनैती का केस दर्ज कराया है।इधर मामले की जांच कर रहे पीएसआई आशीष पावर ने बताया कि तीनों लुटेरों ने पैसा निकालने के पहले से ही रेकिंग कर रहे थे।जिनका बैंक से लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन शुरू की गई है। इसी तरह अज्ञात चोरों ने कोटरगेट मस्जिद के बगल में स्थित सुलेमान बिल्डिंग में लगे एसी के आउटडोर के माध्यम से बिल्डिंग के पहले महले पर लगे खिड़की का कांच खोलकर घर में घुसकर 19 हजार का सामान 3 नंबर को रात 4.30 बजे से 5 बजे के बीच चोरी कर फरार हो गए।जिसकी शिकायत घर मालिक वाकर ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है।इसी तरफ स्थानीय महाडा कालोनी में स्थित वजीर कंपाउंड में रूम नंबर 17 में रहने वाली रुखसार मसूर खान अपने पति व बहन के साथ ठाणे कोर्ट में किसी काम से 31 अक्टूबर को दोपहर में 12.30 बजे से सात बजे के बीच गई थी।इस दरम्यान घर का दरवाजा लाक होने के बावजूद अज्ञात चोरों ने छत की सीढ़ी से घर में घुसकर 1 लाख 65 हजार रुपए कीमत का सोने के गहने,कैस सहित अन्य सामान चुराकर फरार हो गए।निजामपुर पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्जकर उनकी तलाश में जुट गई है।लेकिन शहर में इन दिनों बढ़ती चोरी की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है।

# बीजेपी संसाद मनोज कोटक ,विधायक पराग शाह ने किया उड्डाणपुल के कार्यो का निरक्षण

## बीएमसी, रेलवे ने मिलकर विधाविहार रेल्वे स्टेशन का दूसरे गडार को सफलता पूर्वक किया स्थापित

### विंचपुलिंग टेकनीक से बिना खंबों के गर्डर खड़ा करने का हुआ भियांत्रिकी आविष्कार



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** बृहन्मुंबई महानगरपालिका एन विभाग की हद मे आने वाले पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले विद्याविहार रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाले उड्डाणपूल बृहन्मुंबई महानगरपालिका के सहयोग से बनाया जा रहा है! इस उड्डाणपुल को तकरिबन १,१०० मेट्रिक टन वजन , तकरीबन१०० मीटर लांबा दुसरा गर्डर सफलता पूर्वक स्थापित किया गाया,! जिसके चलते अब रेल्वे हद्द के पुलों को लेकर ९० प्रति शत काम पूरा हो गया है ! बताया जाता है की गर्डर के कामे रेल्वे प्रशासना के साथ समन्वय स्थापित कर के जल्द से जल्द पूरा करने की , सूचना महानगरपालिका आयुक्त तथा प्रशासक इकबाल सिंह चहल व अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त (प्रकल्प) पी. वेलरासू ने दिया था ! जिसके चलते पुल विभाग ने अच्छे ढंग से ,अंमलबजावणी कर के दिखाया है ! उल्लेखनीय तौर पर दूसरा गर्डर स्थापित करते समय स्थानिक सांसद मनोज कोटक, स्थानिक आमदार पराग शहा, सह आयुक्त (मध्यवर्ती खरेदी प्राधिकरण) विजय बालमवार, उपायुक्त (पायाभूत सुविधा), उल्हास महाले, प्रमुख अभियंता (पूल) तथा संचालक (अभियांत्रिकी सेवा व प्रकल्प) संजय कौंडण्यपुरे, उपप्रमुख अभियंता (पूल) (पूर्व उपनगरे) विवेक कल्याणकर त्याचप्रमाणे मध्य रेल्वेचे वरिष्ठ विभागीय अभियंता (ओव्हरहेड स्ट्रक्चर) प्रदीप कुमार गुप्ता, सहायक विभागीय अभियंता ए. एस. शास्त्री व अन्य संबंधित अधिकारी सहित प्रवीण छेडा, भालचंद्र शिरसाट आदी उपस्थित थे !

# लगातार दो साल तक बेटी होती रही पिता के हैवानियत की सीकर करता रहा दुष्कर्म



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** गोवंडी शिवजीनगर राहीवासीया इलाके मे घटित हुई इंसानियत को शर्म सार करने वाली घटना। जहाँ एक बाप ने अपनी ही बेटी को लगतार दो साल से हवस का शिकार बनाता चला आ रहा है था। दुष्कर्म का लगातार विरोध करने वाली बेटी द्वारा लाख मना करने पर भी उसके साथ जबरदस्ती अपनी हवस की प्यास बुझाता रहा। बेटी ने कई दफा इस बात की जानकारी अपनी माँ को दी ,परंतु हर बार वो कसम खा कर बचता रहा कहा जाता है की बेटी भी इस जल्लाद बाप के जुल्म से परेशान रहने लगी। बताते है की बेटी ने इस बार सख्ती से अपनी माँ को सारा किस्सा बताया माँ को भी इस हवस के पुजारी पर शक होने लगा था। माँ ने इस बात के सबूत के तौर पर बेटी से वीडियो बनाने की बात कही वही बेटी को अकेला देख इस हैवान बाप ने फिर से उसके साथ गलत हरकत करने शुरू किया.

लेकिन इस बार बेटी ने भी ठान लिया था कि वो इस बाप के रूप में छिपे भेड़िये को बेनकाब कर के ही रहेगी और उसने वो सारी हरकते मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली जो वो अपने ऊपर पिछले दो साल से झेल रही थी। वही माँ ने भी देर ना करते होए इस बात की जानकारी शिवजी नगर पुलिस को दी वही सीनियर पोलिस इंस्पेक्टर अर्जुन रजाने ने भी आनन फानन में टीम को रवाना किया और उस बाप के नाम पे धब्बे को उसी के घर से धरदबोचा और क्ढउ की धारा 376 (2)(ठ) pocso एक्ट 4,6,8,के तहेत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गए है.




# 15 विधायक भी अयोग्य हो जाएंगे तो शिंदे का पुनर्वास फडणवीस करेंगे, लेकिन बाकी विधायकों का क्या होगा? - अनिल परब

**मुंबई :** एकनाथ शिंदे ही नहीं, बल्कि अन्य १५ विधायक भी अयोग्य हो जाएंगे तो शिंदे का पुनर्वास फडणवीस करेंगे, लेकिन बाकी विधायकों का क्या होगा? ऐसा सवाल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता व विधायक एड. अनिल परब ने किया। अगर शिंदे को अयोग्य घोषित किया जाता है तो बाकी गद्दार जो कहते हैं कि शिंदे के लिए शिवसेना से गद्दारी की थी, वे सभी मिट्टी में मिल



जाएंगे। ऐसा परब ने कहा। विधायकों की अयोग्यता की सुनवाई पर अनिल परब मीडिया से बात कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि इस मामले का निपटारा ३१ दिसंबर तक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए नया शेड्यूल बनाया गया है। एकनाथ शिंदे को विधान परिषद से लाने और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का बयान देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया को दिया है। इस पर परब ने कई तकनीकी मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि इसमें कानून अलग है।

जब शिंदे अयोग्य होंगे तो वे विधानसभा सदस्य होंगे। विधान परिषद में लेना उन्हें संभव होगा क्या? उनका विधान परिषद में चयन किस माध्यम से होगा? क्या राज्यपाल के माध्यम मनोनीत नियुक्ति होगी या किसी के विधायक पद से इस्तीफा लेकर बाद में उन्हें चुना जाएगा? इन सभी बातों पर विचार करना होगा। यदि शिंदे अकेले पुनः वापस पद पर लौटते हैं तो अन्य १५ गद्दारों का क्या होगा? उन्हें रामभरोसे छोड़ेंगे क्या? ऐसा सवाल परब ने किया। उन्होंने आगे कहा कि फडणवीस का विकल्प सही है या गलत, यह एक अलग सवाल है, लेकिन फडणवीस को यकीन है कि वह अयोग्य हो जाएंगे।

## देश में बेरोजगारी दर 10.05 फीसदी

**मुंबई :** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' (सीएमआईई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में देश में बेरोजगारी दर १०.०५ फीसदी पर पहुंच गई। इस मामले पर आदित्य ठाकरे ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। अक्टूबर महीने के लिए सीएमआईई द्वारा जारी बेरोजगारी से संबंधित ताजा आंकड़ों को आधार बनाते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी के आंकड़े और भी चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश कहे जाने वाले भारत में इस वर्ष बरसात ठीक से नहीं होने के कारण कृषि संबंधी उद्योगों में भी बेरोजगारी बढ़ने की आशंका है। आदित्य ठाकरे ने राज्य सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र का युवा भी बेरोजगारी से पीड़ित है। उसे रोजगार के अवसर चाहिए, जबकि महाराष्ट्र में 'वेदांता फॉक्सकॉन', 'टाटा एयरबस' जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट आ रहे थे लेकिन महाराष्ट्र सरकार के कारण गुजरात स्थानांतरित हो गए।

# ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भाईंदर और भिवंडी की वजह से मुंबई में बढ़ रहा प्रदूषण!

## 8 साल पुरानी गाड़ियों की नो एंट्री

**मुंबई :** बीएमसी ने मुंबई में बढ़ते प्रदूषण के लिए अपने अगल-बगल के जिलों और महानगरपालिकाओं को भी जिम्मेदार ठहराया है। बीएमसी का कहना है कि ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भाईंदर और भिवंडी की वजह से भी महानगर को प्रदूषण संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन मुंबई के आसपास की महानगरपालिकाएं बड़े स्तर पर योजनाओं पर अमल नहीं कर पा रही हैं। यही वजह है कि हमें प्रदूषण के स्तर को सुधारने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। एमएमआर से आनेवाली प्रदूषित हवाओं का बुरा असर मुंबई में पड़ रहा है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई में वायु प्रदूषण के लिए ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भाईंदर, भिवंडी और वसई-विरार से आनेवाली डीजल गाड़ियां भी कुछ हद तक जिम्मेदार हैं। इसीलिए हमने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से कहा है कि ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे एमएमआर से आनेवाली



डीजल की 8 साल पुरानी गाड़ियों को मुंबई में प्रवेश न मिल सके। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई के वाशी में बड़े पैमाने पर फैक्ट्रियां और कंपनियां हैं। इनसे जहरीला धुआं निकलता है। इनका सीधा असर हवा की गुणवत्ता पर पड़ता है। इसके अलावा इन महानगरपालिकाओं के तमाम क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कंस्ट्रक्शन के काम भी हो रहे हैं।

### अधिकारी बोले- ब्लेम गेम नहीं

इतना ही नहीं, यहां बड़े पैमाने पर सड़कें भी बन रही हैं। बावजूद इसके प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मुंबई की तरह ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, 'हम ब्लेम गेम नहीं करेंगे, लेकिन यह एक सचाई है। इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।' सिस्टम ऑफ एयर क्वॉलिटी ऐंड वेदर फॉरकास्टिंग ऐंड रिसर्च (सफर) के अनुसार शनिवार को कोलाबा की वायु गुणवत्ता 228 एक्यूआई दर्ज की गई। चेंबूर की भी आबोहवा भी पिछले दो दिनों से खराब है। शनिवार को चेंबूर की वायु गुणवत्ता 283 एक्यूआई थी, जब कि बीकेसी में एयर क्वॉलिटी 204 एक्यूआई दर्ज की गई।

### बीएमसी ने की 815 साइट्स की जांच

1. – 3 नवंबर को बीएमसी की टीम ने सभी 24 वॉर्डों में 815 साइट्स का दौरा किया।
2. – जांच के दौरान पाया गया कि 461 कंस्ट्रक्शन साइट्स पर नियमों का पालन नहीं हुआ।
3. – बीएमसी ने सभी 461 साइट्स को नियमों का पालन करने के लिए कहा।
4. – नियम न पालन करने पर स्टॉप वर्क की नोटिस या सील करने की चेतावनी दी गई।

# मुंबई में एएनसी ने 5 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया... 88 लाख की ड्रग्स बरामद




**मुंबई :** मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की आजाद मैदान और बांद्रा यूनिट ने जोगेश्वरी, सांताक्रूज और धारावी इलाकों से 5 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और 88 लाख रुपये की ड्रग्स बरामद की. पुलिस ने ड्रग तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज.कर आगे की जांच शुरू कर दी है. मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक ये ऑपरेशन माहिम इलाके में भी अंजाम दिया गया. पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति यूपी के गोंडा का रहनेवाला है जबकि बाकि महाराष्ट्र के हैं.

# रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासा...

## हेल्थकेयर संगठनों पर साइबर अटैक!

**मुंबई :** पिछले १२ महीनों में भारत में लगभग ६०% स्वास्थ्य सेवा (हेल्थकेयर) संगठनों को साइबर अटैक का सामना करना पड़ा है। यूके स्थित साइबर सुरक्षा फर्म 'सोफोस' द्वारा किए गए एक नए अध्ययन के हवाले से मीडिया में आई खबरों के अनुसार, साइबर अपराधी लगभग ७५% रैंसमवेयर अटैक में डेटा को सफलतापूर्वक एन्क्रिप्ट करने में सक्षम थे, जो पिछले तीन वर्षों में एन्क्रिप्शन की सबसे ऊंची दर है। मीडिया रिपोर्टों में साइबर सुरक्षा फर्म के अध्ययन का हवाला देते हुए बताया गया है कि यह पिछले साल किए गए ६१% डेटा एन्क्रिप्शन के मुकाबले बड़ी वृद्धि है। इनमें केवल २४% स्वास्थ्य सेवा संगठन साइबर अपराधियों द्वारा उनके डेटा को एन्क्रिप्ट करने से पहले रैंसमवेयर के अटैक को रोकने में सक्षम थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह आंकड़ा २०२२ में ३४% था।

बता दें कि गत वर्ष ३० नवंबर को 'इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च' (आईसीएमआर) की वेबसाइट पर २४ घंटे में करीब ६,००० हैकिंग प्रयास हुए थे। यह




अखिल भारतीय आयुर्वि%ाान संस्थान (एम्स) के पांच सर्वरों को रैंसमवेयर द्वारा हैक किए जाने के हफ्तेभर बाद हुआ था। अनुमान है कि इसमें १.३ टेराबाइट डेटा एन्क्रिप्ट किया गया था। हैकर्स ने एम्स के लिए अपने ही डेटा तक पहुंच को असंभव बना दिया था। साइबर जोखिम प्रबंधन फर्म एरेटे के अध्यक्ष एपीएसी राज शिवाराजू ने मीडिया को बताया कि पुराने सॉफ्टवेयर, पुराने सिस्टम और साइबर सुरक्षा में अपर्याप्त निवेश ने स्थिति खराब कर दी है। जैसे-जैसे भारत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजिटल बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, ऑनलाइन सिस्टम को सुरक्षित करना तेजी से महत्वपूर्ण हो गया है। इसी तरह ट्रेंड माइक्रो की २०२३ रिपोर्ट के अनुसार, २०२३ की पहली छमाही में साइबर सुरक्षा जोखिम की घटनाओं के लिए भारत को अमेरिका और ब्राजील के बाद तीसरा सबसे खराब देश बताया गया।

# ठाणे में 5.44 लाख रुपये के प्रतिबंधित गुटखे का भंडारण, दुकानदार गिरफ्तार



**ठाणे :** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपनी दुकान में 5.44 लाख रुपये के प्रतिबंधित गुटखे का भंडारण करने के आरोप में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। नारपोली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की एक टीम ने शनिवार को भिवंडी इलाके के पूर्णा गांव में स्थित दुकान पर छापा मारा और वहां रखा सामान जब्त किया। अधिकारी ने बताया कि 28 वर्षीय दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों और एफडीए नियमन के तहत मामला दर्ज किया गया है। एफडीए के खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र करदक ने बताया कि जिले की दुकानों में धड़ल्ले से गुटखे की बिक्री हो रही है। पुलिस ने कहा कि हमें ऐसे सभी स्रोतों का पता लगाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। महाराष्ट्र में 2012 के बाद से गुटखा और सुगंधित तंबाकू की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# पारसिक सुरंग की हालत बेहद खराब

**ठाणे :** मुंब्रा और कलवा स्टेशन के बीच अहम मानी जानेवाली पारसिक सुरंग की हालत बेहद खराब हो गई है और इस सुरंग के आस-पास अवैध निर्माण बढ़ने लगा है। सुरंग के दोनों ओर कचरा का साम्राज्य है। साथ ही टनल के ऊपर से रिक्शा, टेंपो और दोपहिया वाहनों का आवागमन भी शुरू हो गया है। सुरंग अब सुरक्षित नहीं



है, जिसकी वजह मनपा, वन विभाग और रेलवे प्रशासन की लापरवाही को बताया जा रहा है।

बता दें कि १०० साल से अधिक पुरानी पारसिक सुरंग मध्य रेलवे की ५वीं और ६ठीं रेलवे लाइन पर स्थित है। ठाणे से दिवा नई लाइन के खुलने से पहले, तेज उपनगरीय, एक्सप्रेस और मालगाड़ियां इस सुरंग से होकर गुजरती थीं। कुछ महीने पहले एक नई लाइन के निर्माण के बाद सुरंग से अब केवल एक्सप्रेस और मालगाड़ियां चलती हैं।




# दिलीप लांडे ने दिवाली के अवसर पर लोगों के बीच किया खाद्य समाग्रि का वितरण



मुंबई (फिरोज सिद्दीकी) चांदिवली विधानस सभा निर्वाचन क्षेत्र मे 50 हजार से अधिक परिवारों को स्थानीय एकनाथ शिंदे गुट विधायक दिलीप लांडे ने दिवाली की भेंट दिया है । जिसमें नागरिको के बीच मुफ्त मे रवा मैदा, शक्कर का वितरण घर घर किया गया है । दीवाली मे घरों मे रोशन करने के लिए दिया तथा सुगंधी उटणे का मुफ्त मे बड़ी संख्या मे जनता के बीच वितरण कर दीवाली की हार्दिक शुभकामनाएँ दिया।

## दीवाली के अवसर पर जरूरतमंदो के बीच मुफ्त मे किया गया खाद्य सामग्री का वितरण



**मुंबई :** मुंबई राज्य के पूर्व मंत्री तथा चंदीवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक सहित महाराष्ट्र कांग्रेस कार्याध्यक्ष, मो. आरिफ नसीम खान ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने चांदिवली तालुका की जनता के लिए दीवाली के उपलक्ष्य में मुफ्त सप्रेम भेट (रवा, मैदा, व सक्कर इतियादी) वितरण किया गया। खान ने इतना ही नहीं चांदिवली तालुका कांग्रेस परिवार की ओर से दीवाली की हार्दिक शुभकामनाएं ।

# मुंबई में बढ़ी चोरी की घटना, रिकॉर्ड कम करने के लिए दर्ज नहीं होती FIR !

## चोरों ने उड़ाई गोकुल नगर के निवासियों की नींद, रात को नहीं अब दिनदहाड़े हो रही है चोरी

**कांदिवली:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के उपनगर इलाके में चोरी की वारदात में इजाफा हुआ है। लेकिन क्राइम रिकॉर्ड की बात करें तो ऐसी कोई बात नजर नहीं आती। जहां चोरी की घटनाएं हो रही है वहां के लोगो का कहना है कि चोरी की घटनाओं का कम रिकॉर्ड दिखाने के लिए पुलिस चोरी की घटना में एफआईआर दर्ज नहीं करती है। यही कारण है कि रिकॉर्ड में चोरी को घटना दिखती नहीं और लोग चोरी की घटना से बुरी तरह परेशान हैं।

**पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद**

उपनगरीय इलाके कांदिवली पूर्व में स्थित गोकुल नगर, क्रान्ति नगर में इन दिनों पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते गोकुल नगर में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से निकल भागते हैं। कुरार पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। पिछले कई महीनों से चोरी की वारदातें बढ़ गई है। नगर में अनेक स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में नाकाम ही रही है। पिछले एक माह में कई घरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां वारदातें बढ़ रही हैं।



**पेट्रोलिंग के नाम पर होती है खानापूर्ति**

पुलिस रात को गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। पुलिस की सक्रियता बढ़ती तो आए दिन नगर में वारदातों को अंजाम दे रहे चोरों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। कई मामलों में तो पुलिस ने शिकायत कताओं की एफआईआर भी दर्ज नहीं की है। क्योंकि चोरी की घटनाओं का रिकॉर्ड कम हो इसलिए पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है।

**पुलिस से उठ रहा जनता का विश्वास**

हालांकि चोर पकड़ने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं रात को जागकर चोर पकड़ने की तैयारी में है। लोगों को लगने लगा है अब खुद की सुरक्षा खुद के हाथों में है। पहले रातों में चोरी की घटना घटित होती थीं। लेकिन चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि बेधड़क होकर दिन में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। दोपहर के समय झुंझार चाल में 3 दिन पहले यादव निवास चाल, संग्राम चाल के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# कंबोज की मुश्किलें बढ़ने की आशंका, कोर्ट ने कहा-अपराध दर्ज करो

**मुंबई :** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से धोखाधड़ी के मामले में मुंबई हाई कोर्ट ने भाजपा नेता मोहित कंबोज को झटका दिया है। सेंट्रल बैंक के लगभग १०४ करोड़ रुपए के फजीवाड़े केस को लेकर सीबीआई की ओर से दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए इस मामले में अपराध दर्ज करने का आदेश दिया है। ऐसे में कंबोज की मुश्किलें बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं मोहित कंबोज ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। बता दें कंबोज व अन्य पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से फजीवाड़ा कर १०३ करोड़ ८१ लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। ये जानकारी फॉरेंसिक रिपोर्ट में सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, ऐसे अन्य फजीवाड़े का आरोप भी मोहित पर है। उक्त बैंक के लगभग १०४ करोड़ रुपए मोहित एंड कंपनी डकार न पाएं, इसलिए कोर्ट ने यह झटका दिया है। अब खबर है कि इस मामले में हाई कोर्ट ने अतिरिक्त धारा के तहत अपराध दर्ज कर गहन जांच कर उस जांच की रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। सेंट्रल बैंक के लगभग १०४ करोड़ रुपए के फजीवाड़े मामले में मुख्य आरोपी मोहित कंबोज की जांच के बाद भी सीबीआई के हाथ कुछ नहीं लगा। सीबीआई ने कोर्ट में इस मामले को लेकर क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी। अब ऐसे में कोर्ट की फटकार के बाद सीबीआई के कम पर सवाल उठने लगे हैं।



## एनसीपी नेता एकनाथ खडसे को आया हार्ट अटैक, एयर एंबुलेंस से लाया जा रहा मुंबई



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बड़े नेता एकनाथ खडसे को दिल का दौरा पड़ा है। पूर्व मंत्री और विधान परिषद विधायक एकनाथ खडसे को रविवार दोपहर में दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद उन्हें जलगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालाँकि, आगे के इलाज के लिए उन्हें मुंबई शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया है। खबर हैं कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एनसीपी विधायक खडसे के इलाज के लिए तुरंत एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जानकारी के मुताबिक, वरिष्ठ एनसीपी नेता एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे ने पिता की तबियत बिगड़ने पर मुख्यमंत्री से संपर्क किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तुरंत एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई। जिससे खडसे को तत्काल इलाज के लिए जलगांव से मुंबई लाया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस समय सतारा स्थित अपने गांव दरे में हैं। जैसे ही उन्हें एनसीपी नेता की खराब स्वास्थ्य के बारे में पता चला तो उन्होंने तुरंत एयर एंबुलेंस का इंतजाम करवाया। एकनाथ खडसे को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अभी अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# नवी मुंबई में पानी से भरी बाल्टी में गिरने से 10 साल के लड़के की मौत



**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई स्थित एक घर में पानी से भरी बड़े आकार की बाल्टी में गिरने से 10 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार शाम को उस वक्त हुई जब बच्चा पनवेल इलाके के पलास्पे गांव स्थित अपने घर में पानी से भरी बाल्टी के पास खेल रहा था। पनवेल शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने लड़के के अभिभावक द्वारा दी गई जानकारी के हवाले से बताया कि वह गलती से बाल्टी में गिर गया और उसका दम घुटने लगा। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद लड़के को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भिजवा दिया है तथा दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# महाड एमआईडीसी हादसे में 8 मजदूरों के शव मिले...

## पहचान के लिए कराया जा रहा डीएनए टेस्ट, कई लापता

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में महाड एमआईडीसी में दवा निमार्ता कंपनी ब्लू जेट हेल्थकेयर में शुक्रवार को भीषण हादसा हुआ। कंपनी में आग और सिलसिलेवार विस्फोटों से पूरा इलाका दहल गया। घटनास्थल से शनिवार शाम तक आठ शव निकाले गए। हादसे के समय कंपनी की केमिकल यूनिट में 57 कर्मचारी थे। जानकारी के मुताबिक, दवा कंपनी में पहला धमाका शुक्रवार सुबह 10:30 बजे हुआ, उसके बाद आठ से दस बड़े धमाके हुए। इससे लगी भीषण आग में 11 मजदूर फंस गए। पुणे से आई एनडीआरएफ की टीम ने शनिवार शाम तक आठ के शव बरामद किए। जबकि अन्य मजदूरों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सभी आठ शव बुरी तरह से जल चुके हैं। परिजन भी पहचान नहीं कर पा रहे है। इसलिए मृतक की पहचान के लिए परिजनों के डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। मृतकों की पहचान डीएनए रिपोर्ट से की जाएगी।

हादसे में लापता होने वालों में संजय पवार, जीवनकुमार चौबे, आदित्य मोरे, असलम शेख,



अभिमन्यू दुराव, शेषराव भुसारे, अक्षय सुतार, मीनाथ वायदंडे, विशाल कोली, सतीश सालुंखे, बिकास महंतू शामिल हैं। प्रशासन ने बताया कि सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उनकी हालत स्थिर है। घायलों का महाड एमआईडीसी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे इतना भीषण था कि कंपनी की तीन मंजिला इमारत के दो स्लैब ढह गए। इमारत में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील रसायनों के ड्रम रखे हैं। इसलिए बचाव कार्य में खतरा बना हुआ है। लेकिन एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान में जुटी हुई हैं। प्रत्येक पीड़ित के परिवार को फार्मा फर्म और बीमा कंपनियों से लगभग 40 लाख रुपये का मुआवजा और मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलने की खबर है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com